दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, बुधवार 27 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# जानलेवा लापरवाही

होली से ठीक एक दिन पहले हुए दो हादसों ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। ग्रेटर नोयडा के सेक्टर तीन में नोयडा कॉरपोरेशन लिमिटेड के बिजली सब स्टेशन में खेलने गये तीन बच्चे करंट लगने और विस्फोट के बाद लगी आग में जिंदा जल गये। दूसरी घटना में हिसार के बालसमंद गांव में खुले मुंह वाले साठ फीट गहरे बोरवेल में डेढ़ साल का नदीम गिर गया। श्रमिक का बेटा नदीम तो खुशकिस्मत रहा कि प्रशासन की सि यता, एनडीआरएफ व सेना की तत्परता से 48 घंटे बाद उसे सकुशल निकाल लिया गया मगर ग्रेटर नोयडा के बच्चों का दुर्भाग्य था कि वे एनसीपीएल की आपराधिक लापरवाही से हुए हादसे में जान गंवा बैठे। ऐसी आपराधिक लापरवाहियों में निर्दोष लोगों की मौत की खबरें अक्सर समाचारपत्रों की सुर्खियां बनती हैं। कभी मेनहोल का ढक्क न न होने की वजह से तो कभी सार्वजनिक स्थान में करंट लगने से किसी की भी मौत हो जाती है। कभी ओवरब्रिज गिर जाता है और कभी त्रुटिपूर्ण स्पीड ब्रेकर से टकराकर किसी की मौत हो जाती है। मौतों का यह अंतहीन सिलसिला जारी है। अन्य घटनाओं की तरह ग्रेटर नोयडा की घटना की भी जांच होगी तथा छोटी-मोटी सजा निलंबन-स्थानांतरण होगा। कुछ दिशानिर्देश जारी होंगे। और फिर अगली दुर्घटना का इंतजार। आखिर सार्वजनिक स्थलों को लेकर आपराधिक लापरवाही का अंतहीन सिलसिला कब तक जारी रहेगा

आखिर ऐसा सुनने में क्यों नहीं आता कि गंभीर लापरवाही के लिये किसी को कड़ा दंड दिया गया हो कि लापरवाह लोगों के लिये ये नजीर बने। जहां तक खुले बोरवेल का सवाल है तो हर राज्य में अक्सर ऐसी घटनाएं सुनने को आती हैं कि फलां बच्चा बोरवेल में गिर गया। कुछ खुशकिस्मत बच्चे बच जाते हैं तो कुछ भय व घुटन से दम तोड़ देते हैं। कुरुक्षेत्र में वर्ष 2006 में बोरवेल में गिरे पांच साल के प्रिंस की दुर्दशा पूरे देश ने घंटों विभिन्न चैनलों पर चले सीधे प्रसारणों में देखी। लोग उसके सकुशल बाहर आने की दुआ मांग रहे थे। घटना के करीब डेढ़ दशक बाद भी हालात नहीं बदले हैं। सैकड़ों खुले बोरवेल मौत को आमंत्रित कर रहे हैं। सुप्रीमकोर्ट ने भी सख्ती दिखाते हुए बोरवेल की खुदाई की सूचना प्रशासन को देने, कंटीली तार से बोरवेल को घेरने, दीवार लगाने व स्टील के भारी ढक्क न से बोरवेल का मुंह बंद करने के निर्देशदिये थे लेकिन जिम्मेदार एजेंसियों ने जांच-पड़ताल की जिम्मेदारी नहीं निभाई। अन्यथा आये दिन बच्चों के बोरवेल में गिरने की खबरें न आतीं। यह विडंबना है कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों व कानून का कोई भय बोरवेल खोदने वालों पर नहीं पड़ता। अभिभावक भी दोषमुक्त नहीं हो सकते जो बच्चों को खतरनाक जगह के करीब खेलने के लिये भेज देते हैं। प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि ऐसे खतरे वाले स्थानों पर सुरक्षा के मापदंडों का क्रियान्वयन तय करे। जिम्मेदार लोग भी खुले बोरवेल की सूचना प्रशासन को दें।

# एक अप्रैल से पड़ेगी महंगाई की मार

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक अप्रैल से आम जनता पर महंगाई की मार पड़ने वाली है। नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत के साथ एक तरफ जहां आम लोगों की राहत की कई चीजें मिलने वाली हैं लेकिन इसके साथ ही महंगाई का असर भी देखने को मिलेगा। इस दौरान कार, घरेलू गैस सिलेंडर से लेकर पेट्रोल तक कई चीजों के दाम बढ़ने जा रहे हैं।



### कार खरीदना होगा महंगा

बता दें कि टाटा मोटर्स, जगुआर लैंड रोवर इंडिया और टोयोटा ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स की कारों के दाम में 25,000 रुपये तक इजाफा हो सकता है। टाटा मोटर्स के जिन मॉडल की कीमतों में इजाफा हो सकता है उनमें टियागो, हेक्सा, टिगोर, निक्सन और हैरियर प्रमुख हैं। वहीं जगुआर लैंड रोवर इंडिया (जेएलआर) चुनिंदा मॉडलों की कीमत में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी।

### गैस की कीमत बढ़ाएगी मुश्किल

एक अप्रैल से वाहनों में इस्तेमाल होने वाला कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस और पाइप नेचुरल गैस महंगी होने की आशंका है। दरअसल, प्राकृतिक गैस की कीमतों में 18 फीसदी तक की बढ़त की उम्मीद है। इससे देश में पाइप से आपूर्ति होने वाली रसोई और सीएनजी की कीमतों में बढ़त हो सकती है। इसके अलावा बढ़त से मैन्युफैक्चरिंग, ट्रैवल, एनर्जी सेक्टर पर असर पड़ सकता है. गैस की कीमत बढ़ने से थोक मूल्य आधारित महंगाई भी बढ़ सकती है।

### स्टेंट के दामों में भी होगा इजाफा

दिल के मरीजों के लिए उपयोग में आने वाली कोरोनरी स्टेंट की कीमत 1 अप्रैल से बढ़ सकती है। पिछले साल की कीमत सिर्फ मार्च 2019 तक ही मान्य है। हालांकि कीमतों में बढ़त मामूली होने की उम्मीद है। बता दें कि कोरोनरी स्टेंट की आकृति ट्यूब के समान होती है जिसे हृदय रोग के उपचार के दौरान हृदय में रक्त प्रवाह करने वाली नलिकाओं में लगाया जाता है। ये धमनी-शिराओं को खुला रखते हैं।

# फर्जी खबरों को रोकने के लिए व्हॉट्सएप ने दूसरे चरण का अभियान शुरू किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। फर्जी खबरों को रोकने के लिए व्हॉट्सएप हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी तरह व्हॉट्सएप ने इस बार भी एक नए अभियान को शुरू किया है। व्हॉट्सएप खुशी साझा करो, अफवाह नहीं अभियान को लेकर आया है। यह अभियान टीवी, प्रिंट और रेडियो के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी चलाया जाएगा। व्हॉट्सएप ने बयान में कहा कि पहले चरण का अभियान ग्रामीण और शहरी इलाकों में लाखों लोगों तक पहुंचा है। व्हॉट्सएप का दूसरे चरण का अभियान एक सुरक्षित चुनाव प्रक्रिया पर केंद्रित है।

व्हॉट्सएप के प्लेटफार्म से फर्जी खबरों के प्रसार के बाद भीड़ की हिंसा की घटनाओं की वजह से वह लगातार आलोचनाओं के घेरे में है। यह अभियान 10 भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, बांग्ला, कन्नड़, तेलुगू, असमिया, गुजराती, मराठी, मलयालम और तमिल में शुरू किया गया है। प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों फेसबुक, ट्विटर और गूगल ने स्वैच्छिक रूप से इस पर हस्ताक्षर किए हैं कि आम चुनाव के दौरान इनके मंच का इस्तेमाल फर्जी खबरों के प्रसार के लिए नहीं होने दिया जाएगा। व्हॉट्सएप के भारत में प्रमुख अभिजीत बोस ने कहा, चुनाव आयोग और स्थानीय भागीदारों के साथ सुरक्षित चुनाव के लिए काम करना हमारी प्राथमिकता है। हम अपने अभियान के जरिये लोगों को इस बात के लिए जागरूक करेंगे कि वे आसानी से दुर्भावना वाले संदेशों को पहचान सकें।

# एक से ज्यादा पैन कार्ड रखना पड़ सकता है भारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पैन यूनिक नंबर होता है और दो लोग या दो कंपनियों के पैन एक समान नहीं हो सकते हैं। यह तो सभी जानते हैं लेकिन एक ही शख्स या कंपनी के दो पैन नंबर नहीं हो सकते हैं। आयकर नियमों के तहत जिस किसी के भी पास एक से अधिक पैन नंबर हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों को यह तो पता है कि पैन नंबर एक से अधिक नहीं हो सकता है लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि अतिरिक्त पैन को सरेंडर कैसे करें। किसी भी कानूनी कार्रवाई में फंसने से बेहतर है कि जल्द से जल्द अतिरिक्त पैन से मुक्ति पा लें। बता दें कि पैन किसी व्यक्ति के वित्तीय लेनदेन को ट्रैक करने में आयकर विभाग की मदद करता है।



# मई के अंत तक बिक जाएगी जेट एयरवेज : एसबीआई

मुंबई (आरएनएस)। जेट एयरवेज ने सोमवार को कहा कि उसे परिचालन की जरूरतों के लिए कर्जदाताओं से 1,500 करोड़ रुपये तक की तत्काल वित्तपोषण मदद मिलेगी। वित्तीय संकट से जूझ रही एयरलाइन ने कर्जदाताओं के निर्देश पर रोजाना परिचालन व कंपनी के नकदी प्रवाह के प्रबंधन व निगरानी के लिए अंतरिम प्रबंधन समिति का गठन करने की भी घोषणा की।


कंपनी ने कहा, कंपनी की परिसंपत्तियों की सिक्योरिटी पर कर्जदाताओं द्वारा समुचित कर्ज उपकरण जारी करके1,500 करोड़ रुपये तक की तत्काल वित्तपोषण सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे कंपनी का सुचारु परिचालन बहाल होगा।

उधर, भारतीय स्टेट बैंक ने सोमवार को कहा कि उसे कर्ज संकट से जूझ रही जेट एयरवेज के लिए निवेशक या खरीदार मई अंत तक मिलने की उम्मीद है। कंपनी के प्रवर्तक नरेश गोयल के पास संकट में फंसी एयरलाइन में भविष्य में अपनी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से आगे बढ़ाने का विकल्प होगा।

# मेरे पैसे लेकर जेट एयरवेज को बचा लो

## विजय माल्या की बैंकों से अपील

नई दिल्ली (आरएनएस)। विजय माल्या ने भारतीय बैंकों से कहा है कि उनके पैसे लेकर आर्थिक तंगी से जूझ रही जेट एयरवेज को डूबने से बचा लिया जाए।



विजय माल्या ने मंगलवार को ट्वीट किया, मैं एक बार फिर कहता हूं कि मैंने पीएसयू बैंकों और दूसरे लेनदारों के कर्ज चुकाने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट के सामने चल संपत्ति रख दी है। बैंक मेरे पैसे क्यों नहीं ले लेते। अगर कुछ नहीं तो मैं जेट एयरवेज को बचाने के लिए उनकी मदद करूंगा। माल्या पर भारत में बैंकों से करीब 9000 करोड़ रुपये कर्ज लेकर नहीं चुकाने और फरार होने का आरोप है। माल्या फिलहाल इंग्लैंड में हैं।

माल्या ने एनडीए सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। माल्या ने पूछा कि जेट एयरवेज को बचाने के लिए पब्लिक सेक्टर बैंक तो आगे आये लेकिन उनकी किंगफिशर एयरलाइंस को डूबने दिया गया।

# चेपॉक स्टेडियम में पिच को लेकर बीसीसीआई ने लगाई फटकार

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 12वें संस्करण के पहले ही मैच में शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर मात्र 70 रन पर ढेर कर दिया था। मैच के बाद दोनों टीमों के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली ने कहा था कि पिच वैसी नहीं थी जैसी कि उन्होंने उम्मीद की थी. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हैडन ने इसे 'खराब स्तर' की बताया था. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अब टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए सभी आईपीएल फ्रेंचाइजी से स्पोर्टिंग विकेट तैयार करने को कहा है. बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बोर्ड लीग के दौरान तैयार किए गए विकेटों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन विकेट को बल्लेबाजों या गेंदबाजों, किसी के भी ज्यादा अनुकूल नहीं होना चाहिए. अधिकारी ने कहा, 'फ्रेंचाइजी, बीसीसीआई के बिना किसी हस्तक्षेप के विकेट तैयार करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन विकेट स्पोर्टिंग होना चाहिए, यह न तो ज्यादा बल्लेबाजों के और ना ही ज्यादा गेंदबाजों के अनुकूल होना चाहिए.'

धोनी ने मैच के बाद कहा था, 'वास्तव में हम विकेट को लेकर ज्यादा निश्चित नहीं थे. हम वाकई में हैरान थे कि विकेट इतना धीमा था. इसने मुझे 2011 में चैम्पियंस लीग के मुकाबले की याद दिला दी. इस विकेट को जल्दी बेहतर बनाना होगा. दूसरी टीमों के पास भी अच्छे स्पिनर्स हैं. यह ऐसी पिच नहीं है जिसे हम आगे के मुकाबलों में देखना चाहेंगे.'एम एस धोनी ने कहा था, '80, 90, 100 वास्तव में बहुत कम स्कोर है. यदि स्पिनर्स की अच्छी लाइन-अप है तो आप विपक्षी टीम के लिए बड़ी परेशानी पैदा कर सकते हैं.

## आज का राशिफल

मेषः आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्याओं तथा संबंधित बातों का विशेष आकर्षण रहेगा। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने का भी योग हैं।

वृषभः आज आपको गृहस्थ जीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के स्नेहीजनों के साथ प्रसन्न वातावरण में भोजन का आनंद ले सकेंगे। साथ में छोटे प्रवास का आयोजन भी कर सकेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपके अधूरे कार्य संपन्न होंगे, इससे आपको यश और कीर्ति मिलेगी।

कर्कः आज का दिन शांतिपूर्वक बिताएं। शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ महसूस करेंगे। पेट में तकलीफ हो सकती है, मन भी खिन्न रहेगा।

सिंहः शारीरिक रूप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से व्याकुल रहेंगे। घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी से मन उदास रह सकता है।

कन्याः किसी भी कार्य में सोच-समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यार भरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुलाः दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आपका मनोबल कमजोर हो सकता है। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। नए कार्य के लिए दिन अनुकूल है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए शुभ है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे।

धनुः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। परिजनों के साथ मनमुटाव के प्रसंग उपस्थित हो सकते हैं। ोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकरः सामाजिक कार्यों से आपको लाभ होगा। साथ ही विविध क्षेत्रों से लाभ होने के योग हैं। मित्रों तथा संबंधियों के साथ हुई भेंट आपके लिए लाभदायी होगी। स्त्रियों एवं पुत्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभः दिन अनुकूल है। हर कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे। ऑफिस एवं व्यवसाय स्थल पर अनुकूल परिस्थिति का वातावरण रहेगा एवं बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

मीनः मन में व्याकुलता एवं अशांति के अहसास के साथ आपके दिन का प्रारंभ होगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा। उच्च अधिकारीयों के साथ संभलकर कार्य करने की सलाह है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ब्रह्माजी ने की थी सृष्टि की रचना

'चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि। शुक्ल पक्षे समग्रेतु तदा सूर्योदये सति।।' (ब्रह्मपुराण) अर्थात् ब्रह्माजी ने सृष्टि का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही किया था। साथ ही इस दिन श्री हरि ने मत्स्यावतार भी लिया था। सत्ययुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था। फिर शुक्ल पक्ष में चंद्रमा बढ़ना शुरू होता है और कृष्ण पक्ष में चंद्रमा क्षीण अर्थात घटना शुरू हो जाता है।




यहां यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब चंद्रमास चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है तो सनातन धर्म का नव वर्ष इसी दिन क्यों नहीं शुरू होता? इसका धर्मसम्मत उत्तर यह है कि कृष्ण पक्ष के आरंभ में मलमास आने की संभावना रहती है, जो शुक्ल पक्ष में नहीं रहती। इसके अलावा यह भी देखना चाहिए कि कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली अमावस्या पितरों की तिथि है। दूसरी ओर शुक्ल पक्ष मानव का प्रारंभ है, उसके विकास का प्रतीक है।

वैसे तो संवत्सर के सौर, सावन, चांद्र, बार्हस्पत्य और नाक्षत्र नाम के पांच भेद हैं, लेकिन धर्म-कर्म और लोक व्यवहार में भी चान्द्र संवत्सर का ही उपयोग होता है। 'चान्द्रोअब्दो मधुशुक्लगप्रतिपदारम्भः।' चान्द्र संवत्सर का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही होता है। इसके इसी विशिष्ट महत्व को मान कर सम्राट विक्रमादित्य ने अपने नाम के संवत्सर का आरंभ 2075 वर्ष पहले किया।

भारत में शालिवाहन शक और विक्रम संवत्सर का ही प्रचलन है लेकिन शक का प्रयोग विशेषकर गणित आदि में ही होता है। इन्हीं सब को ध्यान में रखकर विक्रम संवत ही भारत में स्वीकारा और माना जाता है। गणित, फलित, लोक व्यवहार और धार्मिक अनुष्ठानों में इसी संवत् का उपयोग होता है।

फिर ब्रह्मा जी ने प्रवरा अर्थात प्रतिपदा को सबसे उत्तम तिथि मान कर सृष्टि का आरंभ किया था। संवत्सर का पूजन, नौ दिन-रात चलने वाले नवरात्रि का घट स्थापन, पंचांग को पढ़ना और श्रवण आदि इसी दिन किया जाता है। घर-घर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही ध्वजारोपण आदि भी किया जाता है।

# आलू बोंडा बनाने की विधि जानिए



सामग्री : आलू - 3-4 (उबले, छीले और मैश किए हुए), तेल - 2 चम्मच, जीरा - 1 चम्मच, हींग - 1/4 चम्मच, नमक स्वादानुसार, हल्दी पाउडर - 1/2 चम्मच, चाट मसाला - 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, धनिया - 1 बड़ा चम्मच (कटा हुआ), बेसन - 1 कप

विधि : एक पैन में 2 चम्मच तेल गर्म करें।

जब तेल गर्म हो जाए तो उसमें जीरा और हींग डालकर चटकाएं।

अब इसमें मैश किए हुए आलू, नमक, हल्दी पाउडर, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर और धनिया डालें।

इसे अच्छी तरह मिलाएं।

एक कटोरे में बेसन और थोड़ा सा नमक डालकर मिलाएं।

आवश्यकतानुसार पानी डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।

आलू के मिक्सचर से छोटे-छोटे गोले बनाएं।

बेसन में तैयार गोले को अच्छी तरह से डुबोएं।

गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें।

हरे धनिया की चटनी के साथ गर्मा-गर्म परोसें।


## शब्द सामर्थ्य-16

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू-16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |